राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

26 अगस्त 2023: शनिवार: वर्ष – 04: अंक – 19

चंदा और तारे

आज की कविता

अभी सब तरफ चाँद की चर्चा है । आसमान में एक बड़ा, प्यारा-सा, परिवार रहता है। उसके सदस्य हँसते खेलते अपना समय गुजारते हैं। लुका-छिपी का खेल उनका पसंदीदा खेल है। बादल उनका झरोखा भी है और सवारी भी। दिन रात वो क्या मस्ती करते हैं सुनते हैं इस कविता में। कविता सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

लारा-एक पीली गुबरेली

आज की कहानी

लारा के पंख पीले सुनहले हैं। सब उसे बहुत प्रेम करते हैं पर लारा अपने अलग रंग के पंखों से खुश नहीं है । एक दिन वह सबके जैसा दिखने के लिए ऐसा कुछ करती है कि लोगों का उस पर ध्यान ही नहीं जाता। वह फिर दुखी होती है। क्या वह फिर पहले जैसी हो पाई ? जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox



पत्तों का चिड़ियाघर

आज की किताब

हमारे चारों तरफ पेड़ ही पेड़ हैं और उन पर तरह तरह के पत्ते। ये पत्ते इन पेड़ों के कपड़े हैं। सबने अलग अलग रंग, डिजाइन और छाप वाले कपड़े पहन रखे हैं। पेड़ जब अपने कपड़े बदलते हैं तो ये नए-पुराने पत्ते मिलकर एक चिड़ियाघर बना लेते हैं। शेर, हिरण, खरगोश, मोर, हाथी, जिराफ़ और न जाने क्या क्या । पढ़ते हैं ये मजेदार कविता और हम भी बनाते हैं पत्तों का एक चिड़ियाघर।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BGVS

रॉकेट

आज की गतिविधि

एक फुले हुए गुब्बारे पर एक स्ट्रॉ बांधें। एक दीवार के एक छोर से बंधे एक लंबे धागे पर स्ट्रॉ को बांधे । एक हाथ से गुब्बारे का मुंह बंद रखें। धागे को दूसरे हाथ से खींचे। गुब्बारे को छोड़ते ही यह रॉकेट की तरह आगे की ओर उड़ेगा। हर क्रिया की समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। यह एक रॉकेट की कार्यप्रणाली को दर्शाता है। गतिविधि का विडियो देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindguptatoys

बाल साहित्य में जीवन मूल्य

टीचर्स कॉर्नर

प्रस्तुत आलेख बच्चों के जीवन में बाल साहित्य के अभाव की समस्या को रखता है। पाठ्यपुस्तकों की विषयवस्तु से संवैधानिक, मानवीय और सामाजिक मूल्यों के बारे में सोचने के मौक़े बहुत कम बन पाते हैं। बाल साहित्य की किताबों पर बच्चों से अर्थपूर्ण सवाल–जवाब करने से इन मूल्यों पर गहराई से सोचने–विचारने की सम्भावनाएँ ज़्यादा बनती हैं।

शिक्षकों के लिए। Pathshala



कक्षा कक्ष की गतिविधियाँ

हमारा पुस्तकालय

कक्षा कक्ष में होने वाली गतिविधियाँ अगर अपने उद्देश्यों में स्पष्ट हैं और उससे निर्दिष्ट हैं तो सीखना भी सार्थक होगा। विद्यालय में लाइब्रेरी के सन्दर्भ में यह बात और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। लाइब्रेरी की गतिविधियों से न सिर्फ भाषा शिक्षण के उद्देश्य सधते हैं बल्कि अन्य कौशल भी विकसित होते हैं। पढ़ते हैं इस विषय पर गजेन्द्र राऊत का आलेख।

शिक्षकों के लिए। Education Mirror

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 174वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।